दिनांकः 29.05.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रदेशभर में आज से विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू हुआं केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने अजमेर के रलावता गांव से राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ कियां इस दौरान उन्होंने जागरुकता रथ को रवाना कियां इस अवसर पर राज्य के कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा भी मौजूद रहें 12 जून तक चलने वाले इस अभियान के तहत किसानों को खेती की आधुनिक तकनीकों के बारे में जागरुक किया जाएगां साथ ही उन्हें सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी जाएगीं अभियान के दौरान राज्य के जिलों में 270 से अधिक कृषि वैज्ञानिक 3 हजार 959 गांवों में जाकर किसानों से संवाद करेंगें

000

वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंती पर आज प्रदेशभर में उनके शौर्य और पराक्रम को नमन किया जा रहा हैं इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं चित्तौडगढ के भूपालसागर में समारोह रखा गया हैं वहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महाराणा प्रताप, मां पन्नाधाय और राणा पूंजा की प्रतिमा का अनावरण कियां अजमेर के पुष्कर स्थित महाराणा प्रताप स्मारक पर भी समारोह आयोजित किया जा रहा हैं वहां मेला भी भर रहा हैं

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आज दिल्ली जाने का कार्यक्रम हैं श्री शर्मा वहां केंद्रीय ऊर्जा, आवास और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ बैठक करेंगें
इस दौरान मेट्रो परियोजना, ई–बस योजना और एनसीआर प्लानिंग बोर्ड सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की संभावना हैं बैठक में राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहेंगें

000

अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर 31 मई को राज्य में महिलाओं को कई सौगात दी जाएंगीं इस दौरान डेढ़ सौ कालिका यूनिट को हरी झण्डी दिखाई जाएगीं इसके अलावा लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत 32 हजार 755 बालिकाओं के खातों में डीबीटी के माध्यम से राशि हस्तांतरित की जाएगीं वहीं, बालिकाओं को एसटी प्री मैट्रिक तथा सफाई कामगार प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति का हस्तांतरण किया जाएगां साथ ही बालिका दूरस्थ शिक्षा योजना के तहत 30 हजार छात्राओं को फीस पुनर्भरण राशि दी जाएगीं इसी तरह बालिका शिक्षा प्रोत्साहन योजना में राशि हस्तांतरण और लखपति दीदी ऋण योजना में लाभार्थियों को ऋण वितरण भी किया जाएगां कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के तहत 2 हजार छात्राओं को स्कूटी वितरित की जाएगीं
राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा शामिल होंगें इस संबंध में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दियें

000

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि मेक इन इंडिया भारत की सुरक्षा और समृद्धि दोनों के लिए महत्वपूर्ण हैं उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देश के लोगों ने मेक इन इंडिया अभियान की सफलता को देखा और महसूस किया हैं आज नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ के वार्षिक बिजनेस समिट को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी रणनीति और प्रतिक्रिया दोनों को दोबारा परिभाषित किया हैं श्री सिंह ने कहा कि आज देश लड़ाकू विमान और मिसाइल बनाने के साथ–साथ नए युग की युद्ध तकनीक के लिए तैयार हो रहा हैं

000

भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की आज पुण्यतिथि हैं इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जा रही हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चौधरी

चरण सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित किये हैं अपने सोशल मीडिया संदेश में श्री शर्मा ने गरीबों और वंचितों के उत्थान के लिए उनके द्वारा किए गए प्रयासों को अनुकरणीय बतायां भरतपुर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर चौधरी चरण सिंह को याद किया गयां इस दौरान वक्ताओं ने उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालां

000

आई.पी.एल. क्रिकेट में प्लेऑफ मैच के पहले क्वालीफायर में, आज पंजाब किंग्स का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरू से होगां यह मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगां एलिमिनेटर राउंड में, कल मुम्बई इंडियंस का मैच गुजरात टाइटन्स से होगां प्रतियोगिता का फाइनल तीन जून को अहमदाबाद में होगां

000

जयपुर के पिंकसिटी प्रेस क्लब में बच्चों के लिए एक जून से समर कैम्प लगाया जाएगां दस दिन के इस कैम्प में बच्चों के शारीरिक और बौद्धिक विकास के लिए कई विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगां शिविर में योग, मार्शल आर्ट, कथक, राजस्थानी नृत्य, वेस्टर्न डांस, नाटक, कला और पेंटिंग सिखाई जाएगीं

000